तारीख	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
25.01.2018	वकुलाय उपस्थित। वकील अपीलाण्ट ने प्रार्थना पत्र प्रसतुत कर अर्जेन्ट सुनवाई हेतु पत्रावली तलब कराने का निवेदन किया। इस पर पत्रावली नियत तारीख पेशी से पूर्व आज पेश हुईं। उभयपक्ष ने राजीनामा प्रस्तुत किया, जो शा0मि0 किया गया। रेस्पोडेन्टस् ने निवेदन किया कि प्रकरण में अपील स्वीकार की जाती है, तो उन्हे किसी प्रकार की आपत्ति नहीं है। वकील अपीलाण्ट इससे सहमत है। अतः अपीलाण्ट द्वारा प्रस्तुत अपील स्वीकार की जाती है तथा ग्राम बांता के नामान्तरकरण संख्या 1999 पर तहसीलदार मारवाड़ जंक्शन द्वारा पारित स्वीकृति आदेश दिनांक 07.06.2013 को अपास्त किया जाकर प्रकरण इन निर्देशों के साथ तहसीलदार मारवाड जंक्शन को प्रतिप्रेषित किया जाता है कि वे उभयपक्ष को साक्ष्य सुनवाई का समुचित अवसर प्रदान कर विधि सम्मत निर्णय पारित करें। इस निर्णय की प्रति के साथ अधीनस्थ न्यायालय का मूल रेकर्ड लौटाया जावे। बाद पालना पत्रावली फैसल में शुमार होकर नम्बर से कम हो। अति. जिला कलक्टर, पाली अति. जिला कलेक्टर, पाली	